Regarding Lok Samvad Programme

श्री वीरेन्द्र सिंह **(**बलिया**):** सभापति महोदय, मैं भारत की संसद को, यहां बैठे हुए सभी सांसदों को और यहां अनुपस्थित सांसदों को एक बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी देना चाहता हूं। भारत सरकार की योजनाओं को लागू करने के लिए जो विश्वकर्मा योजना है, किसान योजना है, प्रधानमंत्री आवास योजना है**,** उसके लिए मैं अपने लोक सभा क्षेत्र बलिया में ?लोक संवाद? का एक कार्यक्रम चला रहा हूं, जिसका नाम ?गाँव सभा से लोक सभा तक? है। उसमें सारे संबंधित अधिकारी उपस्थित रहते हैं। उसमें डीएम, सीडीओ और अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहते हैं और सभी विभाग अपनी सरकार की योजनाओं के लिए लाभार्थी बनाते हैं। गाँव सभा का सदस्य, जो कभी पूछा नहीं जाता था, वह संसद के ?लोक संवाद? कार्यक्रम में उपस्थित रहता है।

मैं निवेदन करता हूं कि पहले उसको लाभार्थी बनाओ, फिर पाँच लोगों को वह लाभार्थी बनाएगा। हमारा लोक सभा क्षेत्र उत्तर प्रदेश के दो जिलों में, बलिया और गाजीपुर में पड़ता है। मैं गाजीपुर के डीएम, बलिया के डीएम और दोनों जिलों के सीडीओ को बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं कि वे सारे संबंधित अधिकारियों को बुलाकर वहीं लाभार्थी बनाते हैं और उनसे पाँच और लोगों को लाभार्थी बनाने का निवेदन करते हैं।

माननीय सभापति **:** आप चाहते क्या हैं? आपकी क्या डिमांड है? आपकी मांग क्या है?

श्री वीरेन्द्र सिंह **:** महोदय, ?लोक संवाद**?** का गांव सभा से लोक सभा तक का कार्यक्रम भारतीय लोकतंत्र को भी गांव सभा से ? (व्यवधान)